   

दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी श्री शारदा पीठाधीश्वर अनंतश्रीविभूषित

## जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारतीतीर्थजी महाराज

के कृपाशीर्वाद एवं आज्ञानुसार

# जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखरभारतीजी महाराज

# की वाराणसी विजय यात्रा

(जनवरी 31 - फरवरी 9, 2025)

 

# भगवती अन्नपूर्णेश्वरी का महाकुंभाभिषेक

(फरवरी 7)





हमारे सनातनवैदिकधर्म के संरक्षक एवं उपनिषदों में प्रतिपादित अद्वैतसिद्धांत का उद्बोधक, परमशिवावतार जगद्गुरु श्री आद्यशंकराचार्यजी का अद्भुतजीवन और अविमुक्तक्षेत्र वाराणसी के बीच रहनेवाले अटूट संबंध को सभी आस्तिक जानते ही हैं । श्री आद्यशंकराचार्यजी वाराणसी में भगवान विश्वनाथजी का प्रत्यक्ष दर्शन और महर्षि वेदव्यासजी का प्रत्यक्ष दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किये थे । पद्मपादाचार्यादि अनेकशिष्यों का परिग्रह भी यहीं किये थे । ये सब विचार हमें श्री शंकर दिग्विजय ग्रन्थ में मिलता है, जिसका लेखक स्वयं श्री आद्यशंकराचार्यजी से प्रतिष्ठापित चार आम्नाय पीठों में से सुप्रसिद्ध दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदापीठ के बारहवें शंकराचार्य, जगद्गुरु श्री विद्यारण्यजी महाराज हैं ।

दक्षिणभारत में सनातनधर्म के संरक्षण में अधिकतर योगदान जिस विजयनगरमहासाम्राज्य ने दिया, उस सनातन हिन्दूधर्ममहासाम्राज्य के संस्थापक, एवं चारों वेदों के भाष्यकर्ता, पंचदशी-जीवन्मुक्तिविवेक इत्यादि अनेक वेदांतादि-शास्त्रग्रंथों के रचयिता, श्रृंगेरीजगद्गुरुशंकराचार्य श्रीविद्यारण्यजी महाराज ने भी चौदहवीं शताब्दी में वाराणसी पधारकर बाबा विश्वनाथजी और महर्षि वेदव्यासजी का दर्शन पाकर, केदारघाट पर श्रृंगेरीपीठ की प्रथम शाखा को निर्माणकर भगवान श्रीचंद्रमौलीश्वर की प्रतिष्ठा की थी, जो आज भी भक्तों पर आशीर्वाद बरसा रहे हैं ।

इसीलिए जगद्गुरुशंकराचार्यजी के समय से हि दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठ और दिव्यक्षेत्र वाराणसी का दृढतर संबंध है । 48 वर्ष पूर्व काशीक्षेत्र के भगवती अन्नपूर्णा मंदिर का कुंभाभिषेक श्रृंगेरी पीठ के 35वें शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु श्री अभिनव विद्यातीर्थजी महाराज अपने उत्तराधिकारी शिष्य, पीठ के 36वें एवं वर्तमान शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु

श्रीभारतीतीर्थजी महाराज के साथ, अपने करकमलों से संपन्न किये थे । 1994 में जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीभारतीतीर्थजी महाराज अपनी अखिल भारत विजययात्रा के अवसर पर वाराणसी पधारकर लोककल्याण हेतु भगवान विश्वनाथजी की पूजा, वेद-शास्त्र सभाओं का आयोजन, अनेक संस्थाओं एवं धार्मिक कार्यक्रमों को अपने दिव्य चरणस्पर्श और पवित्र सांनिध्य से अनुगृहीत किये थे ।

वर्तमान में पुनः वाराणसी अन्नपूर्णा देवी का कुम्भाभिषेक करने का अवसर प्राप्त हुवा है । इसीलिए अन्नपूर्णा मंदिरके महंत शंकर पुरी जी श्रृंगेरी आकर कुम्भाभिषेक संपन्न करने के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीश्रीभारतीतीर्थजी महाराज से प्रार्थना किये थे । महाराजजी सभी शिष्यों पर बहुत कृपा रखते हुये अपने उत्तराधिकारी शिष्य और अपने ही प्रतिरूप जगद्गुरु शंकराचार्य श्री विधुशेखर भारतीजी महाराज को आदेश दिये हैं कि वे इस कार्य को संपन्न करें ।

अतः पीठ के 37वें शंकराचार्य अनंतश्रीविभूषित जगद्गुरु श्री विधुशेखरभारती जी महाराज वाराणसीक्षेत्र पधारकर भगवती अन्नपूर्णा देवी का महाकुंभाभिषेक एवं श्रृंगेरी शारदापीठ की ओर से बनाये गये स्वर्णशिखर का कुंभाभिषेक, भगवान विश्वनाथजी का विशेष पूजन, सहस्र चंडी महायज्ञ, महारुद्र यज्ञ, देवी को कोटि कुंकुमार्चना, केदारघाट श्रृंगेरी शंकर मठ में कुंभाभिषेक, वेद-शास्त्र सभा आदि अनेक धार्मिककार्यक्रम सभी लोगों की भलाई के लिए संपन्न करेंगे ।

इसी विजय यात्रा में वाराणसी पधारने से पूर्व, महाराजजी तीर्थराज प्रयागक्षेत्र के महाकुंभ में एक सप्ताह तक धार्मिक कार्यक्रमों का अनुष्ठान, एवं वाराणसी क्षेत्र के पश्चात् पावन अयोध्या में दर्शन एवं गोरखपुर की यात्रा भी संपन्न करनेवाले हैं ।

सारे भक्तजनों से यह प्रार्थना है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर वाराणसी आदि क्षेत्र में होनेवाली महाराजजी की विजया यात्रा के धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर महाराजजी का दर्शन भाग्य प्राप्त कर भगवान श्रीविश्वनाथजी, भगवती अन्नपूर्णेश्वरी, भगवती श्रीशारदा परमेश्वरी, भगवान श्री चंद्रमौलीश्वर, एवं श्रृंगेरी जगद्गुरु शंकराचार्यजी महाराज के कृपाशीर्वाद का पात्र बनकर अपना जीवन कृतार्थ कर लें ।

'गुरु सेवा निरत'
पि. ए. मुरली
श्रृंगेरी मठ के प्रशासक

14.1.2025
चल्ला अन्नपूर्ण शास्त्री
श्रृंगेरी शंकर मठ,
प्रबंधक, बरदवान कोठी
वाराणसी

# कार्यक्रम

| तिथि / दिनांक | प्रातः | सायं |
|---|---|---|
| माघ शुक्ल<br>द्वितीया<br>31.1.2025<br>शुक्रवार | | 5:00 वाराणसी क्षेत्र में प्रवेश, शोभा यात्रा<br>6:30 भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर में दर्शन<br>8:00 श्रृंगेरी शंकर मठ, बरदवान कोठी में समागमन, धूली पाद पूजा, स्वागत सभा<br>9:00 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल<br>तृतीया<br>1.2.2025<br>शनिवार | 5:00 जगद्गुरु द्वारा भगवान विश्वनाथजी के मंदिर में विशेष पूजा<br>9:00 कोटि कुंकुमार्चन का संकल्प (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर)<br>9:30 अयुत मोदक महागणपति हवन की पूर्णाहुति (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर)<br>10:00 विशालाक्षी मंदिर में दर्शन, बिंदुमाधव मंदिर में लक्षतुलसी अर्चन एवं नीराजन, पंचगंगा घाट स्थित श्रृंगेरी शंकर मठ का संदर्शन | 5:30 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल<br>चतुर्थी<br>2.2.2025<br>रविवार | 9:00 सहस्रचण्डी महायज्ञ का संकल्प (बरदवान कोठी)<br>11:00 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण आदि (बरदवान कोठी) | 6:00 जगद्गुरु का अनुग्रह भाषण<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा (बरदवान कोठी) |
| माघ शुक्ल<br>पञ्चमी<br>3.2.2025<br>सोमवार | 9:00 भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा महाकुंभाभिषेक संकल्प एवं चतुर्वेद, पुराण आदि के पारायण का प्रारंभ (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर)<br>10:00 श्रृंगेरी शंकर मठ, केदार घाट में जीर्णोद्धार कुंभाभिषेक<br>11:00 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण | 8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा (केदार घाट) |

| | | |
|---|---|---|
| माघ शुक्ल षष्ठी उपरि सप्तमी<br>4.2.2025<br>मंगलवार | 8:00 महारुद्र यज्ञ का संकल्प (श्रृंगेरी शंकर मठ, केदार घाट)<br>9:00 गंगा स्नान, केदारेश्वर पूजा, एवं चिंतामणि गणेश मंदिर में दर्शन, हनुमान घाट में राजराजेश्वरी मंदिर का दर्शन<br>12:30 रथ सप्तमी प्रयुक्त भगवान सूर्यनारायण की पूजा (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर) | 5:30 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल अष्टमी<br>5.2.2025<br>बुधवार | 9:00 कालभैरव मंदिर में दर्शन<br>12:00 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण आदि (बरदवान कोठी) | 5:30 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल नवमी<br>6.2.2025<br>गुरुवार | 12:00 सहस्रचण्डी महायज्ञ की पूर्णाहुति (बरदवान कोठी)<br>12:30 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण आदि (बरदवान कोठी) | 3:30 वेद सभा (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा (बरदवान कोठी) |
| माघ शुक्ल दशमी<br>7.2.2025<br>शुक्रवार | 11:30 श्रृंगेरी जगद्गुरु द्वारा भगवती अन्नपूर्णेश्वरी का महाकुंभाभिषेक, एवं श्रृंगेरी मठ द्वारा निर्माण करके समर्पित नूतन स्वर्ण शिखर का कुंभाभिषेक (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर) | 5:00 गुरु वंदना कार्यक्रम - वाराणसी के सभी संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा अभिनंदन सभा (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल एकादशी<br>8.2.2025<br>शनिवार | 12:00 महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति (श्रृंगेरी शंकर मठ, केदार घाट)<br>12:30 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण आदि (श्रृंगेरी शंकर मठ, केदार घाट) | 5:30 शास्त्र गोष्ठी (बरदवान कोठी)<br>8:30 श्री चंद्रमौलीश्वर पूजा |
| माघ शुक्ल द्वादशी<br>9.2.2025<br>रविवार | 10:00 कोटि कुंकुमार्चन की समाप्ति, ललिता हवन एवं पूर्णाहुति (भगवती अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर)<br>11:00 भक्तों के लिए जगद्गुरु का दर्शन, पाद पूजा, वस्त्र समर्पण आदि (बरदवान कोठी) | 3:00 अयोध्या के लिए प्रस्थान |



दक्षिणाम्नाय शृंगेरी श्री शारदा पीठाधीश्वर
अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य
श्री श्री भारतीतीर्थजी महाराज

अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य
श्री श्री विधुशेखरभारतीजी महाराज

श्री श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महासंस्थान
दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ, शृंगेरी
Phone : 08265-252525/262626, 295123
Website: sringeri.net, Email: adminoffice@sringeri.net